संख्या-141/2019/2404/26-3-2019

प्रेषक,

धीरज कुमार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण,
उ0प्र0लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊः दिनांकः 11 जून 2019

विषयः- दिनांक-25.09.2018 को सम्पन्न लोक लेखा समिति की बैठक में दिये गये निर्देश के अनुपालन में छात्रवृत्ति योजनाओं की जांच आख्या उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया दिनांक-25.09.2018 को सम्पन्न लोक लेखा समिति की बैठक में दिये गये निर्देश के अनुपालन में छात्रवृत्ति योजनाओं की जांच हेतु एन0आई0सी0 स्तर से डाटा एकत्र करने एवं संश्लेषित करने हेतु यू0पी0डेस्को या अन्य किसी एजेन्सी से 04 तकनीकी सहायक 01 माह के लिये अनुबन्ध पर लेकर निदेशक, एन0आई0सी0 को उपलब्ध कराने तथा उक्त 04 तकनीकी सहायकों के 01 माह के वेतन का भुगतान "व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिये भुगतान मद से करने का कष्ट करें।

भवदीय,
धीरज कुमार
विशेष सचिव।

पृ0संख्या-141/2019/2404/(1)/26-3-2019 तददिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1.महालेखाकार,(लेखा एवं हकदारी/लेखापरीक्षा) प्रथम उ0प्र0, इलाहाबाद।
2.निदेशक, स्थानीय निधि लेखापरीक्षा विभाग, उ0प्र0इलाहाबाद।
3.निदेशक, एन0आई0सी0 उ0प्र0लखनऊ।
4.मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, उ0प्र0 लखनऊ।
5.वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
6.गार्डफाइल।

आज्ञा से,
सतीश कुमार
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in